हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 6 जुलाई 2024
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

3 संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मंत्री राजवाड़े ने किया सम्मानित



SALE
END OF SEASON SALE
UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

KILLER SALE
UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE OLD BUS STAND - AMBIKAPUR
CALL- 7400849887

अंश PGDCA DCA
BA, MA, PGDRD, B.LIB, B.sc..
अंश कम्प्यूटर सेंटर
जिला - बलरामपुर
8964951878

## हौसलों की उड़ान : कैंसर को दी मात और आज कबूतर पालकर कर रही है अपना जीवन-यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कहते है कि जीवन में लाख मुसीबतें आती जाती रहती है लेकिन जो इनका सामना करता है वही सफल होता है और इसका एक उदाहरण ग्राम कटिंदा में देखने को मिला। शादी के एक साल बाद पति से अलग होकर जीवन बसर कर रही महिला के पहले कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को मात दी। अब ये महिला हौसले के भरोसे लाखों रुपए का व्यवसाय घर बैठे कर रही है। महिला ने अपनी आय का मुख्य जरिया कबूतर पालन को बनाया है और बड़ी संख्या में कबूतर पालकर उनसे अपना जीवन यापन कर रही है।

हम बात कर रहे है सरगुजा जिले के अंतर्गत आने वाले विकासखंड लखनपर के ग्राम कटिंडा की। कटिंदा में रहने वाली फजीरून निशा का मुख्य व्यवसाय कबूतर पालन है। महिला आज कबूतर पालकर सालाना लाखों रुपए की कमाई कर रही है और इस व्यवसाय से ही उन्होंने अपने जीवन स्तर में सुधार किया है लेकिन दो वर्ष पूर्व उनकी स्थिति कुछ ही थी। शादी के एक साल बाद ही पति से अलग अपनी बहन के साथ रह रही महिला ने पूरा जीवन मेहनत मजदूरी करके गुजार दिया। इस दौरान कोरोना काल में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कोरोना की विभीषिका से बचकर निकली तो कैंसर की जद में आ गई। वर्ष 2022 में चिकित्सकों ने स्तन कैंसर की पुष्टि की जिसके बाद उनकी परेशानियां और भी बढ़ गई। फजीरून निशा बताती है कि कैंसर की पुष्टि होने के बाद वे पूरी तरह से हिम्मत हार चुकी थी और आत्महत्या का ख्याल आने लगा था लेकिन इस दौरान उनकी बहन ने हौसला बढ़ाया और उपचार कराने की सलाह दी। जमा की गई पूंजी, बीमा की रकम व अन्य आर्थिक मदद से उन्होंने कैंसर का उपचार कराया। हालांकि अभी भी समय समय पर उन्हें जांच के लिए चिकित्सक के पास जाना पड़ता है लेकिन वे कैंसर को मात दें चुकी है। कैंसर की बीमारी से उठने के बाद ही उन्होंने एक बार फिर से जीवन स्तर को बेहतर करने का प्रयास शुरू किया।

### लखनपुर के ग्राम कटिंदा की रहने वाली महिला, कभी मान चुकी थी हार, आज फिर से सुधार रही अपना जीवन

#### गांव में ही बिक जाते है कबूतर

फजीरून निशा बताती है कि उन्होंने कैंसर से ठीक होने के बाद कबूतर पालन का व्यवसाय शुरू किया और इससे उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। कबूतरों के व्यवसाय में एक जोड़ा 300 रुपए का बिकता है। उनके द्वारा डेढ़ से दो हजार तक कबूतर पाले जाते है। हालांकि कई बार बीमारियों और खेतों में किए गए कीटनाशक के छिड़काव के कारण उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है लेकिन फिर भी वे इस व्यवसाय से अपना जीवन यापन कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने इस व्यवसाय की मदद से ही घर में किराने की दुकान खोल ली है जिससे भी उन्हें अच्छी आमदनी हो रही है। वहीं उन्होंने इसके साथ साथ घर में ही बकरी पालन शुरू किया और इससे भी वे समय समय पर आमदनी कर रही है। इस तरह अकेले होते हुए भी सभी मुश्किलों से लड़कर आज वे अकेले ही बेहतर ढंग से जीवन यापन कर रही है।



## प्रवेश के लिए कॉलेजों ने जारी की मेरिट सूची

# पीजी कॉलेज में कला संकाय का कटऑफ 100 प्रतिशत

**उच्च अंक निर्धारित होने के कारण अन्य संकायों में भी प्रवेश के लिए कड़ा संघर्ष**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विवि से संबद्ध कॉलेजों द्वारा मेरिट सूची जारी करने के साथ ही गुरूवार से प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। प्रथम सूची की मेरिट लिस्ट से एक सप्ताह तक छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी।

**खास बात**
- आगामी सप्ताह जारी होगी दूसरी मेरिट सूची

एसजीजीयू ने नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए अपने पोर्टल पर संभाग भर के छात्र-छात्राओं के प्रवेश आवेदन मंगाए थे। इस बार सभी कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत एक समान पाठ्यक्रम संचालित होने के कारण राजीव गांधी पीजी कॉलेज में प्रवेश के लिए भी विवि के पोर्टल पर ही आवेदन मंगाए गए थे। पूर्व में पीजी कॉलेज अपने पोर्टल पर आवेदन मंगाता था। आवेदन में पूर्व की तरह तीन कॉलेजों में प्रवेश के विकल्प निर्धारित हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित थी। विवि प्रबंधन ने 1 जून को सम्बंधित कॉलेजों को आवेदनों की सूची भेजी। कॉलेजों ने वर्गवार मेरिट जारी करने के साथ ही बुधवार से प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ की। मेरिट सूची जारी होने के बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थी कॉलेजों में पहुंच रहे हैं लेकिन अभी प्रवेश में रूचि नहीं ले रहे हैं। शहर के कॉलेजों में काफी धीमी गति से विद्यार्थी प्रवेश ले रहे है। सरगुजा के कॉलेजों में अंतिम तिथि निकट आने पर ही प्रवेश प्रक्रिया में तेजी आती है। निर्धारित समय पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो सके इसलिए विवि प्रबंधन ने एक सप्ताह तक प्रथम मेरिट सूची से प्रवेश देने का निर्देश दिया है। कॉलेज रिक्त सीटों के आधार पर आगामी सप्ताह दूसरी मेरिट सूची जारी करेंगे। इस बार 12वीं बोर्ड उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या अधिक होने के कारण प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ सकती है। सरगुजा संभाग के सबसे बड़े राजीव गांधी पीजी कॉलेज में अभी तक सभी संकायों में मात्र 50 छात्र-छात्राओं ने एडमिशन लिए हैं।

राजीव गांधी पीजी कॉलेज के विभिन्न संकायों में निर्धारित 1860 सीटों के लिए तीन हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। पीजी कॉलेज के बायो संकाय में सामान्य वर्ग का कटऑफ 94.8 से 71.8 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग का 72.8 से 68.6 प्रतिशत अजजा वर्ग का 72.6 से 67 प्रतिशत, अनुसूचित जाति का कटऑफ 70.6 से 46.4 प्रतिशत तक गया है। इसी तरह कला संकाय में सामान्य वर्ग का अटऑफ 100 से 61.2 फीसदी, पिछड़ा वर्ग का 61.2 से 50.14 फीसदी, अजजा का 61.2 से 50.2 अजा का 60 से 50.4 फीसदी तक गया है। बीसीए में सामान्य वर्ग का कटऑफ 88.0 से 67 प्रतिशत, ओबीसी का 64 से 59 प्रतिशत, एसटी का 67 से 50 प्रतिशत एवं एससी का 63 से 60 फीसदी तक गया है। बीएससी गणित समान्य वर्ग का कटऑफ 92.6 से 72.8 तक ओबीसी का 72.0 से 64.2 प्रतिशत एसटी का 68.2 से 64.4 फीसदी तक गया है। कला संकाय के उच्च कटऑफ से कॉलेज के अधिकारी भी हैरान हैं तथा विद्यार्थियों द्वारा उच्च मेरिट में आने के लिए विविध प्रकार के प्रमाण पत्र संलग्न करने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



### आत्मानंद कॉलेज का कटऑफ 76.8 फीसदी

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय में विज्ञान विषयों के विभिन्न संकायों के लिए 300 सीट के लिए 400 से अधिक आवेदन मिले हैं। कॉलेज के बायो संकाय में सामान्य वर्ग का कटऑफ 76.8 प्रतिशत, ओबीसी का 72 प्रतिशत एसटी 66.2 प्रतिशत एवं एससी वर्ग 57.2 प्रतिशत गया है। माइक्रो बायोलॉजी में सामान्य का कटऑफ 68.2, ओबीसी 50, एसटी 62.8, बायोटेक में सामान्य का कटऑफ 69.8, एसटी 57.4 एवं ओबीसी का 60 प्रतिशत है। इंफार्मेशन टेक्नालॉजी में सामान्य का 65 प्रतिशत, ओबीसी 53.8, एसटी का 48.0 प्रतिशत एवं गणित में सामान्य का 67.7, ओबीसी 56.0 एसटी का 50 प्रतिशत है।

### कन्या महाविद्यालय में भी भीड़

राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय में प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में छात्राओं ने आवेदन किया है। कॉलेज में बीए का कटऑफ सामान्य का 65.6, एसटी 55, एससी 39.8, ओबीसी का 57 फीसदी, बीकॉम सामान्य का 72.2, एसटी 65, एससी 51.6 एवं ओबीसी का 63.2 फीसदी है। बीएससी गृहविज्ञान 50.4 फीसदी गणित संकाय में सामान्य का 68.2, एसटी 52.8, एससी 59.4 ओबीसी का 53 प्रतिशत, कम्प्यूटर साइंस में सामान्य का 74.8, एसटी 69.2 एवं बायो में सामान्य का 71.8, एसटी 65.6, ओबीसी का 67.4 प्रतिशत है।

### नहीं बढ़ेगी तिथि

इस बार निर्धारित तिथि के बाद प्रवेश के लिए समय नहीं बढ़ाया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर एक बार पुनः पोर्टल पर प्रवेश के लिए आवेदन मंगाए जाएंगे। प्रवेश की प्रक्रिया समयावधि में पूरा करने के निर्देश कॉलेजों को दिए गए हैं।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुल सचिव, एसजीजीयू

### जारी की गई है मेरिट सूची

मेरिट सूची जारी कर दी गई है। अभी काफी धीमी गति से विद्यार्थी एडमिशन ले रहे हैं। सोमवार को दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी।

-डॉ.रिजवान उल्ला
प्राचार्य, पीजी कॉलेज



## तीन बाइक के साथ 3 चोर एक कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में लगातार हो रही बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर तीन दो पहिया वाहन व बाइक के कटे हुए पाट्र्स बरामद किया है। बड़ी बात यह है कि शहर में चोरी की घटनाओं को बर्खास्त पुलिस आरक्षक ही अंजाम दे रहा था। आरोपी बाइक चोरी करने के बाद कबाड़ी को बेच देता था। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में कबाड़ व्यवसायी भी शामिल है।

- बर्खास्त आरक्षक भी कर रहा था चोरी, कबाड़ में बेच देते थे चोरी का वाहन

बताया जा रहा है कि मुक्तिपारा निवासी शिवचरण एक्का आ. चमरू राम 3 जून को अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएच 3474 को चाचा चिकन सेण्टर के पास खड़ा कर घर के अंदर चला गया था। कुछ समय बाद जब वह घर से निकला तो उसकी बाइक गायब थी। ऐसे में शिवचरण एक्का ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक दो पहिया वाहन को बेचने की फिराक में घूम रहे है। सूचना के आधार पर पुलिस ने जब घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा तो उनकी पहचान गोधनपुर निवासी 23 वर्षीय शाहिद हुसैन उर्फ शालू और केनाबांध निवासी अविनाश मिश्रा के रूप में की गई। पुलिस की पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि अविनाश मिश्रा पुलिस विभाग का ही बर्खास्त आरक्षक है और शाहिद के साथ मिलकर वह शहर में बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। आरोपी के पास से पुलिस ने बिना नंबर की टीव्हीएस जुपिटर स्कूटी को बरामद किया। आरोपियों ने पूछताछ के दौरान स्कूटी को लगभग चार माह पूर्व चोरी करने की बात कही। इसके साथ ही एक माह पूर्व शिवचरण एक्का की बाइक चोरी कर उसे सांड़बार निवासी कबाड़ व्यवसायी इंदर सोनवानी को बेचने की बात कही। आरोपी अक्सर बाइक चोरी कर इंदर सोनवानी को बेच देते थे। ऐसे में पुलिस ने दबिश देकर जब सांड़बार निवासी 42 वर्षीय इन्दर सोनवानी से पूछताछ की तो उसने चोरी की बाइक खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक व हीरो कंपनी का कटा हुआ पाट्र्स बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर स्कूटी व बाइक समेत बाइक के पाट्र्स जब्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने भी चोरी की बाइक बरामद की है।

ठनगनपारा निवासी फूलचंद जायसवाल की बाइक घर के सामने से चोरी हो गई थी। शिकायत पर पुलिस ने जांच उपरान्त सांड़बार निवासी 25 वर्षीय मुनेश्वर तिर्की को हिरासत में लेकर उसके पास से चोरी की बाइक बरामद की है। इस कार्रवाई में थाना गांधीनगर से प्रधान आरक्षक विपिन तिवारी, आरक्षक रविन्द्र साहू, थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक विजय रवि, आरक्षक धनेश्वर पैंकरा, विवेक राय एवं विशेष टीम से सउनि विवेक पाण्डेय, आरक्षक सतेन्द्र दुबे, विकास सिंह, संजीब चौबे, राहुल सिंह, अमित विश्वकर्मा शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बारिश के दौरान आपदा से निपटने ननि ने बनाया कंट्रोल रूम

**अम्बिकापुर।** बारिश के मौसम में आकस्मिक जल भराव व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए नगर निगम द्वारा कंट्रोल रूम बनाने के साथ ही वार्ड वार आपदा प्रबंधन दल का गठन किया गया है। यह टीम वार्डों में किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल राहत व बचाव कार्य के लिए प्रयास करेगी। जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा कंट्रोल रूम प्रभारी कार्यपालन अभियंता सन्तोष रवि को बनाया गया है वहीं सहायक नोडल अधिकारी दुष्यंत पैकरा और प्रदीप पैकरा को बनाया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 9644948151 है। वार्ड क्रमांक 34, 37, 38, 39, 42, 43, 44 एवम 46 के प्रभारी सहायक अभियंता कैलाश खरोले, वार्ड क्रमांक 20, 21, 28, 29, 30 और 35 के प्रभारी सहायक अभियंता सतीश रवि, वार्ड क्रमांक 15,16,17,18,19, 26 व 27 के प्रभारी सहायक अभियंता रत्नेश कंवर,वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9 एवम 10 के प्रभारी की प्रभारी सहायक अभियंता निकहत सबरीन, वार्ड क्रमांक 11,12, 13,14, 24, 25, 31, 32, 47 एवं 48 की प्रभारी सहायक अभियंता प्रियंका पटेल, वार्ड क्रमांक 22, 23, 36, 40, 41 व 45 के आपदा प्रबंधन दल की प्रभारी नीलम किंडो हैं।

### नगर के मुख्य मार्ग पर सुबह 7 से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहन प्रतिबंधित

**प्रतापपुर।** नगर में दिन के समय भारी वाहनों के आगमन करने से दुर्घटना की संभावना पर सुबह 7 से रात्रि 8 बजे तक भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। एसडीएम ललिता भगत ने बताया कि नोटिस जारी कर नगर पंचायत क्षेत्र में एकमात्र मुख्य मार्ग होने के कारण नगर में तेज भारी ट्रक, मालवाहक, वाहन दुर्घटना, स्कूली बच्चे, बाजार क्षेत्र में जाम लगने सहित कई प्रकार की समस्याओं को देखते हुए सुबह 7 बजे से रात्रि के 8 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों, ट्रक, तेज रफ्तार मंडी गाड़ी को नगर में प्रवेश हेतु प्रतिबंधित किया गया है।

### व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत 13 को

**राजपुर।** व्यवहार न्यायालय में 13 जुलाई को नेशनल लोक अदालत आयोजित किया गया है। नेशनल लोक अदालत में हितबद्ध पक्षकार व्यवहार न्यायालय में उपस्थित होकर विद्युत देयक, जल देयक, नगर पंचायत, समस्त बैंक, आपराधिक प्रकरण एवं सिविल मामलों से संबंधित प्रकरणों को आपसी राजीनामा के आधार पर निराकरण करा कर प्रकरणों को समाप्त करा सकते हैं।

## अलकापुरी जंगल में महिला से सामूहिक दुष्कर्म

**अंबिकापुर।** उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी जंगल में महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना को महिला के परिचित युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया है। फिलहाल महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना क्षेत्र की महिला किसी काम से 1 जुलाई को उदयपुर गई हुई थी। महिला के वापस लौटने के दौरान उसे पूर्व परिचित युवक धनुष मिला और महिला को घर छोड़ने की बात कही। पूर्व परिचित होने के कारण महिला भी साथ घर जाने को तैयार हो गई जिसके बाद युवक उसे लेकर उदयपुर के अलकापुरी जंगल पहुंचा। अलकापुरी जंगल में पहले से ही उसके दोस्त धन्नू राम झारिया, गोवर्धन राम व चित राम मौजूद थे। महिला को अकेला देखकर चारों की नियत खराब हो गई और उन्होंने महिला से मारपीट करते हुए उसके साथ बारी बारी से जबरन सामूहिक दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद आरोपी महिला को छोड़कर भाग निकले। आरोपियों के चंगुल से छूटने के बाद महिला किसी तरह अपने घर पहुंची और 3 जुलाई को घटना की शिकायत उदयपुर पुलिस से की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 70, 309(4) व 115 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है और आरोपियों की तलाश जारी है।

- घर छोड़ने के बहाने परिचित युवक ने दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम

## दहेज प्रताड़ना के मामले में तहसीलदार के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

तहसीलदार द्वारा शादी के बाद पत्नी को 20 लाख व पिता नाम मौजूद मकान को हड़पने के मामले में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर महिला थाना में पुलिस ने तहसीलदार पति व शिक्षा विभाग में पदस्थ सास ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

- शिक्षा विभाग में है सास, ससुर, 20 लाख रुपए व मकान अपने नाम करने का बना रहे थे दबाव

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के चांदनी चौक निवासी 26 वर्षीया शालिनी गुप्ता आ. संतोष कुमार गुप्ता का विवाद 11 जून 2023 को राजपुर निवासी राहुल केशरी आ. दीपक केशरी से सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। महिला का पति रामचंद्रपुर में तहसीलदार के पद पर पदस्थ है जबकि ससुर दीपक केशरी व सास चांद केशरी शिक्षा विभाग में पदस्थ है। महिला का आरोप है कि शादी के दौरान पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार चार पहिया वाहन खरीदने के लिए 5 लाख रुपए नगद 8 जून 2023 को दिया था। इसके बाद पूरी भव्यता से उसकी शादी कराई गई। शादी के बाद जब नवविवाहिता अपने ससुराल पहुंची तो दो दिनों तक सब कुछ ठीक रहा लेकिन दो दिनों बाद तहसीलदार होते हुए भी अधिक दहेज नहीं मिलने की शिकायत करते हुए 20 लाख रुपए नगद की मांग की गई। इसके साथ ही चांदनी चौक स्थित पिता के मकान का खसरा नंबर मांगा गया और पिता के नाम मौजूद मकान को अपने नाम करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया गया।

महिला का आरोप है कि सास, ससुर व पति द्वारा दहेज को लेकर प्रताड़ति करना शुरू कर दिया गया और इसके साथ ही जान से मारने की धमकी दी गई। मानसिक प्रताड़ता से तंग आकर महिला महिला 24 जुलाई 2023 को वापस अपने घर लौट गई। महिला का आरोप है कि उच्च अधिकारी होने का हवाला देकर उन्हें झूठे केस में फसाने की धमकी दी जा रही है। महिला की शिकायत पर जांच उपरान्त धारा 498 ए, 506 के तहत तहसीलदार पति, सास व ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## महिला एवं बाल विकास कार्यालय में चोरी का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय में बीती रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोर कार्यालय का ताला तोड़कर अंदर घुसे लेकर उनके हाथ कुछ भी नहीं लगा। फिलहाल इस घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह 7.30 बजे महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय का लिपिक राजू गुप्ता टहलते हुए कार्यालय के समीप पहुंचे तो कार्यालय के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ देखा जिसके बाद उन्होंने परियोजना अधिकारी व पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद परियोजना अधिकारी अमृता भगत व पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि चोरों ने बीती रात ताला तोड़ा है और अंदर रखी आलमारी को खोलकर उसकी तलाशी ली है लेकिन चोरों को कार्यालय में कुछ भी नहीं मिला जिसके बाद वे भाग गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला बाल विकास कार्यालय एकांत जगह में होने के कारण चोरी हुई है। इस क्षेत्र में लोग नशा करने के लिए आते है और उनमें से ही किसी ने इस घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में महिला बाल विकास अधिकारी अमृता भगत ने बताया कि चोरो ने पैसे मिलने की नियत से कार्यालय में घुसकर चोरी का प्रयास किया था लेकिन उन्हें कुछ भी नहीं मिला। थाने में इसकी शिकायत की गई है।

- खाली हाथ लौटे चोर



### कीमोथैरेपी, सिकल सेल केंद्र व अन्य व्यवस्थाओं पर जताई संतुष्टि

## राष्ट्रीय टीम ने सीएचसी नवापरा में लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लेने के लिए राष्ट्रीय टीम सरगुजा पहुंची। टीम में शामिल एबीडी, राज्य एनयूएचएम स्तर के अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कीमोथेरेपी, सिकल सेल प्रबंधन, दर्द प्रशामक केंद्र व अन्य सुविधाओं की जमकर जायजा ली। बता दें कि गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने राष्ट्रीय टीम एबीडी, राज्य एनयूएचएम स्तर की टीम एवं थर्ड पार्टी ऑडिट फर्म द्वारा शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता के निर्देशन में सीएचसी नवापारा में दी जा रही सुविधाओं कीमोथेरेपी केन्द्र, सिकल सेल केन्द्र, दर्द प्रशामक केंद्र, प्रसव केंद्र, टीकाकरण केन्द्र, मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सुविधाओं से संतुष्ट होकर यूसीएचसी की सेवाओं को सराहा, उन्होंने कहा कि शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से काफी अच्छा काम हो रहा है। यूसीएचसी नवापारा में दी जा रहीं सेवाएं सीपीएसी के मानकों को पूरा कर रहीं हैं। इस दौरान टीम ने कीमोथेरेपी हेतु आए मरीजों से सुविधाओं पर फीडबैक लिया, इसके साथ ही मितानिनों से भी बात की। सिकल सेल यूनिट को देखा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही टीम द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की उपलब्धता, उपकरणों के उपलब्धता एवं संचालन, एम्बुलेंस की उपलब्धता की जानकारी ली गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम डॉ. पुष्पेंद्र राम, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सीमा तिग्गा , प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला नेताम, सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



5 Ambikapur-Bhoomi pg 2_Layout 1 7/5/2024 9:59 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती आज

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी मनेन्द्रगढ़ मंडल द्वारा 6 जुलाई शनिवार को डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 9.30 बजे मुखर्जी वाटिका में कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इसके मुख्य वक्ता कीर्ति वाशो उपस्थिति रहेंगे। मेंडल महामंत्री विवेक अग्रवाल ने मंडल में निवासरत समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारी समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### प्रेमाबाग में पौधरोपण कार्यक्रम आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम के अभियान के तहत देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर द्वारा 6 जुलाई को प्रेमाबाग मंदिर परिसर में पूर्वान्ह 11 बजे पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त पौधरोपण कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों को भी भाग लेकर पौधा रोपण करने की अपील की गई है।

### अंडर 23 के लिए चयनित होंगे खिलाड़ी

**मनेन्द्रगढ़।** जिला क्रिकेट संघ कोरिया के सचिव आशीष अग्रवाल रिंकू ने जानकारी देते हुए बताया कि अंडर 23 वर्ग के सभी खिलाड़ियों का ट्रायल एवं चयन किया जाएगा। ट्रायल 7 जुलाई रविवार को सुबह 8 बजे से आत्मानंद स्कूल ग्राउंड मनेन्द्रगढ़ में होगा।

### बैकुंठपुर में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

# सहभागिता से विकास की परिकल्पना होगी साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- नई दिल्ली से बैकुंठपुर पहुंचे अधिकारी

केन्द्र-राज्य शासन की प्राथमिकता वाली आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बैकुंठपुर विकासखंड में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। आगामी तीन माह तक चलने वाले इस अभियान के तहत स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, शिक्षा, सामाजिक विकास और स्वसहायता समूह की गतिविधियों से आजीविका के बिंदुओं पर शत-प्रतिशत लोगों तक आसान पहुंच और लाभ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाडे, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, नई दिल्ली से आए सीनियर एसोशिएट आदित्य विक्रम, एबीपी फेलो डॉ.इरशाद खान सहित अतिथियों ने छग महतारी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का श्रवण भी किया गया। 5 जुलाई को मानस भवन में आयोजित संपूर्णता अभियान के शुभारंभ के अवसर पर आकांक्षी विकासखंड के तहत संपूर्णता अभियान की रूप रेखा के बारे में विस्तार से जानकारी नागरिकों को दी गई। विधायक श्री राजवाड़े ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सतत निगरानी में भारत सरकार, नीति आयोग द्वारा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पूरे देश में 500 विकासखंड में लागू किया है। कार्यक्रम के तहत जिले के ब्लॉक बैकुंठपुर को चयनित किया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार करना एवं ब्लॉक स्तरीय शासकीय सेवाओं को संतृप्त कराना है। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि सबकी भागीदारी से बैकुंठपुर व जिले को विकसित बनाना है। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आकांक्षी विकासखंड के तहत जिले के बैकुंठपुर विकासखंड का चयन किया गया है। इसमें 40 इंडिकेटर के आधार पर विकास कार्य किया जाना है। इसमें छह सूचकांकों स्वास्थ्य, कृषि,पोषण, स्व सहायता समूह के कार्य आदि बिंदुओं पर फोकस किया गया है। आकांक्षी कार्यक्रम का उद्देश्य आकांक्षी विकासखंड में सभी इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत लक्ष्य तक पहुंचना है। इन क्षेत्रों में शासन की सभी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। इसमें जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भी सहभागिता जरूरी है, तभी हम आकांक्षी विकासखंड को विकास के उच्चतम स्तर पर पहुंचा पाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि बैकुंठपुर ब्लॉक बहुत तेजी से सूचकांकों पर कार्य कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती रेणुका सिंह ने संपूर्णता अभियान पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि सबकी भागीदारी से प्राप्त सूचकांकों पर खरा उतरा है। डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान की शुरूआत बैकुंठपुर में हुई है। यहां विकास की परिकल्पना को साकार करना केवल शासन-प्रशासन से संभव नहीं, इसमें सभी की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। बैकुंठपुर का प्रदर्शन बेहतर है।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक, कलेक्टर व अन्य।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### विधायक ने दिलाई शपथ

संपूर्णता अभियान में विधायक श्री राजवाड़े ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों, स्कूली बच्चों सहित समस्त आमजनों को संपूर्णता अभियान को सफल बनाने के लिए सहभागिता निभाने और अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड के अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया गया।

### विभागों के लगे थे स्टॉल

विभिन्न शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि और ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा ग्रामीणों को इन योजनाओं का लाभ लेने के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसमें जैविक खेती को बढ़ावा, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अनेक प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत की गई।

# आषाढ़ की गुप्त नवरात्रि की शुरुआत आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- 9 दिनों तक होगी विशेष पूजा-अर्चना



आषाढ़ के महीने में पड़ने वाले गुप्त नवरात्र की शुरूआत 6 जुलाई से हो रही है और आगामी 15 जुलाई तक चलेगी। जानकारी के अनुसार इस बार पड़ रहे गुप्त नवरात्र की चतुर्थी तिथि दो दिन रहेगी, इसलिए गुप्त नवरात्र 9 दिनों का नहीं बल्कि 10 दिनों का होगा।

माना गया है कि दस दिन का नवरात्र अधिक शुभ होते हैं। आज से शुरू होने वाला गुप्त नवरात्र मनोकामना एवं साधना के लिए विशेष फलदायी माना गया है, इसे गुप्त साधना के लिए विशेष माना गया है। जानकारी के अनुसार गुप्त नवरात्र के दौरान शक्ति के नौ रूपों की पूजा तो होती ही है, खास तौर पर इसमें दस महाविद्याओं के साधना के लिए विशेष माना गया है। इस दौरान लोग अपने घरों में कलश स्थापना कर विधि-विधान के साथ पूजा कर साधना की कामना करेंगे, इसके अलावा कई मंदिरों में भी विशेष अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार आज से शुरू हो रहे गुप्त नवरात्रि में कई शुभ संयोग भी बन रहे हैं, इसके कारण गुप्त नवरात्र इस बार साधकों के लिए विशेष फलदायी होगा। गुप्त नवरात्रि में मॉ काली, तारा देवी, भुवनेश्वरी, छिन्माता, भैरवी , मॉ धुमावती, बगलामुखी, मातंगी एवं कमला सहित अन्य देवी रूप की विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाएगी। गुप्त नवरात्र में साधना का विशेष महत्व रहता है । इस दौरान विधि-विधान से शक्ति की देवी की पूजा-अर्चना की जाती है तो जातक को मनोवांदित फल की प्राप्ति होती है, इसके कारण सात्विक रूप से रहकर पूजा-अर्चना करने चाहिए। इस दौरान कुछ कार्यो को करना वर्जित रहता है, जिसका भी ध्यान रखना जरूरी होता है।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध गठिया रोग विशेषज्ञ... डॉ बी.बी. कुमार MBBS, MD (Medicine) Rheumatology
छ ग के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ... डॉ मनीष चौरसिया एम.सी.एच. न्यूरोसर्जन
रायपुर के सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ... डॉ निहार गुप्ता MBBS, MD FICH Hematologist
छ ग के सुप्रसिद्ध मनोचिकित्सक... डॉ गौरी शंकर सिंह MD, (Psychiatry) BHU MBBS (AFMC)
रायपुर के सुप्रसिद्ध पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ... डॉ पुष्पेन्द्र नायक गैस्ट्रोसर्जन
छ ग के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ.. डॉ विकास अग्रवाल MBBS,DrNB,PDF,FMAS,FISCP,MNAMS
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ ग के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ.. डॉ अंशु शेखर MBBS, MS (Orthopaedic)
चर्म रोग, गुप्त रोग, कुष्ठ रोग, बालों एवं त्वचा शल्य चिकित्सक डॉ निश्चल श्रीवास्तव MD, Dermatology, Venereology & Leprology
छ ग के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन... डॉ आशु जैन MS, MCH, FHU, Neurosurgery
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
07 जुलाई 2024 प्रत्येक माह के प्रथम रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090

न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा.प्र.क्र...../अ-20(3)/2023-24
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुनील कुमार सोनी आ. शंकर प्रसाद सोनी जाति सोनार निवासी मायापुर अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला मायापुर नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-3 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 1593/4 रकबा 0.09 एकड़ में से रकबा 0.03 एकड़ (1350 वर्गफीट) भूमि को अपने भाई अनावेदक संजीव सोनी आ. शंकर सोनी जाति सोनार निवासी पुरानी बस्ती (घसियापारा) सीतापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के पक्ष में दान किये जाने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-22/07/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक:-28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।
नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम - प.ह.न.
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुनेश्वर पिता सुनिल जाति रजवार निवासी ग्राम बैजनाथपुर प.ह.न. 01 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र/पुत्री दादी स्व. कौशिल्या का जन्म, मृत्यु दिनांक 21-7-2022 को ग्राम बैजनाथपुर में हुई है, अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र/पुत्री--------- का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत बैजनाथपुर को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/07/24 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 5/7/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
नायब तहसीलदार भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

# हेल्थ कैंप में 248 मरीजों की जांच कर दी गईं दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटकोना

- एसईसीएल बैकुंठपुर के सौजन्य स शिविर का आयोजन

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कई जन कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम का आयोजन निरंतर होता रहता है। इसी कड़ी में ए स ई सी ए ल ए बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा के कुशल मार्गदर्शन में बीते 3 एवं 4 जुलाई को कॉलरी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पूटा कटकोना उपक्षेत्र एवं ग्राम खोड़ झिलमिली उपक्षेत्र में निःशुल्क ग्रामीण चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 248 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाओं का वितरण किया गया। इस शिविर में सीएमओ बैकुंठपुर क्षेत्र एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. एके बिराजी, डिप्टी सीएमओ डॉ.एस मिंज, नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ.एस चंदेरिया, डॉ. रिची, डॉ. अनामिका एवं डॉ. चंद्रेश पटेल ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में विभिन्न बीमारियों के जांच समेत बीपी, शुगर, हड्डी, चर्म रोग एवं नाक-कान-गला संबंधी रोग की भी जांच की गई। शइसी कड़ी में 6 जुलाई को को चरचा उपक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आनंदपुर और कटगोड़ी में भी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। बीते 3 जुलाई को ग्राम पूटा कटकोना में आयोजित शिविर में 116 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसमें चर्म रोग एवं हड्डी रोग सहित समस्त मौसमी बीमारियों का उपचार किया गया। इस दौरान मधुमेह के 3 और 2 में उच्च रक्तचाप के लक्षण मिले, इसके अलावा 2 लोगों में बहरापन, 1 में ईयर वैक्स और 1 में मोतियाबिंद पाया गया। वहीं 4 जुलाई को ग्राम खोड झिलमिली उपक्षेत्र में चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इसमें कुल 132 मरीजों के स्वास्थ्य का एवं बीपी शुगर व नाक-कान-गला संबंधी बीमारियों का विशेष परीक्षण किया गया। परीक्षण में सामान्य बीमारियों के अलावा 5 में डायबिटीज, 3 में उच्च रक्तचाप, 3 लोगों में सुनने की समस्या तथा 2 मोतियाबिंद के मरीज मिल, जिन्हें दवा दी गई। इन शिविरों के आयोजन में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र अंतर्गत चरचा, कटकोना एवं पाण्डवपारा झिलमिली के स्वास्थ्य कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। स्वास्थ्य शिविर के संचालन में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बीएन झा सहित कटकोना एवं झिलमिली उपक्षेत्र के सह प्रबंधक एवं ट्रेड यूनियन के पदाधिकारियों का योगदान रहा।



स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित चिकित्सक व मरीज।

# भारत सरकार की कार्यशाला में सविता और हेमाद्रि का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र हैदराबाद संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित कार्यशाला नेप 2020 में शिक्षा में पुतली कला की भूमिका 19 जून से प्रारंभ होकर 3 जुलाई को संपन्न हुई। इस कार्यशाला के लिए मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले से श्रीमती सविता गुप्ता प्राथमिक शाला चैनपुर एवं श्रीमती हिमाद्री माधुरी विश्वकर्मा प्राथमिक शाला कठौतिया का चयन हुआ। इन्होंने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में शामिल हुए प्रतिभागी प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात वापस आ गए हैं। समापन में निदेशक राजीव कुमार ने शिक्षकों का उत्साहवर्धन कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ ही विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समापन में प्रतिभागियों ने पुतली कला का मंचीय प्रदर्शन भी किया।



### डॉक्टरों की भर्ती के लिए प्रकाशित होगा विज्ञापन

**बैकुण्ठपुर।** जिला अस्पताल के जीवन दीप समिति की बैठक के दौरान महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने जिला चिकित्सालय में सुरक्षा गार्ड के लिए निविदा आमंत्रित करने, जिला अस्पताल में बरसों अनुपयोगी लोहे का पलंग इत्यादि सामानों की नीलामी, सायकल वाहन स्टैंड की निविदा, रसोई घर को आउटसोर्सिंग के माध्यम से संचालित करने पर चर्चा की गई। अस्पताल में सिविल सर्जन कक्ष के सामने, गहन चिकित्सा केन्द्र के सामने एवं ड्रेसिंग कक्ष के सामने चैनल गेट लगाए जाने, महिला वार्ड, शिशु वार्ड के गैलरी एवं एसएनसीयू इकाई के मदर कक्ष के छत को मरम्मत करने, जिला चिकित्सालय के लिए दो एम्बुलेंस एवं दो 108 एम्बुलेंस उपलब्ध कराए जाने, निजी वार्ड के शौचालयों में वेस्टर्न कंबोर्ड लगाए जाने, ऑक्सीजन प्लांट का सर्विसिंग कार्य कराए जाने, नवीन 22 विस्तरीय आईसीयू के सामने शेड निर्माण कार्य कराए जाने की सहमति दी गई। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में स्त्रीरोग विशेषज्ञ, सर्जरी विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट एवं निश्चेतना चिकित्सक की भर्ती के लिए विज्ञापन प्रकाशित करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के दिए गए। इसके अलावा जीवन दीप समिति के आय को अधिक बढ़ाने के बारे में सुझाव दिए गए तथा समिति के आय-व्यय विवरण पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सेंगर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी आदि उपस्थित रहे।

सरगुजा मार्केट

डॉ.कल्पना दाश M.B.B.S., M.D., DM (ENDO) अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
डॉ.दीपक अग्रवाल हड्डी रोग विशेषज्ञ एम.बी.बी.एस., डी. आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
दिनाँक - 14 जुलाई 2024, दिन रविवार समय - सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ.तुषार जैन M.B.B.S, M.D (पल्मोनरी मेडिसीन) (सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टीबी, निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 7 जुलाई 2024, दिन रविवार समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.) पंजीयन हेतु फोन नं. 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 जुलाई, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
• पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
• गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
• प्रोस्टेट बढ़ जाना।
• पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
• किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
दिनांक 19 जुलाई 2024 दिन - शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ अनिल कुमार यादव एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

पथरी मतलब लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276 9542344694, 9434062770

TOP IN SURGUJA

डायबिटीज, थायरॉइड, मोटापा एवं हार्मोन रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
MD Medicine, FRSSDI (Lilavati Hospital, Mumbai)
Fellowship in Diabetology (Royal College of Physician, London
PgDip ib Endocrinology (UK)
9617605000, 7049985558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर के सामने, अम्बिकापुर जिला - सरगुजा (छ.ग.)
सरदार रंजीत सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
शुगर, थायराइड, ब्लडप्रेशर, मोटापा, स्ट्रोक (लकवा), एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ), टाईफाइड, निमोनिया (फेफड़े में इन्फेक्शन)
मलेरिया, अर्थराइटीज (जोड़ों में दर्द), कमर दर्द, UTI (पेशाब में जलन), पैरों में जलन एवं सूजन
अनियमित माहवारी, बालों का झड़ना, शरीर में ज्यादा बालों का होना, माइग्रेन (सिर में दर्द)
गैसस्ट्राय टिस (पेट में दर्द या जलन होना)

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW
A MULTISPECIALITY HOSPITAL
कम खर्चे में ईलाज की सर्वसुविधा युक्त के साथ उच्च ईलाज
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 7 जुलाई 2024, रविवार
डॉ. निहार गुप्ता MBBA, MD, FICH (HEMATOLOGIST) रक्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशु जैन MBBS, MS, M.CH Neuro Surgeon
पता - बनारस रोड, पी.जी कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर
मो. 9424250281, 8120906000, 8120809000

KRTC.CO.IN
2008 से संचालित
के आर टेक्निकल कॉलेज (A POST GRADUATE COLLEGE)
NAAC B+
संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा अम्बिकापुर से संबद्ध और उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ से मान्यता प्राप्त
अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली से अनुमोदित
DCA | BCA | BSC BIO | BSC MATH | BSC COMPUTER SCIENCE | MCOM | MSW | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY
BCOM | BBA | BA | PGDBM | PGDCA | MSC MATH | MSC CS | MSC IT | MSC CHEMISTRY
SC, ST और OBC छात्रों को छात्रवृत्ति
प्रवेश के लिए कॉल करें : 8435061866, 9926020334, 9926513170
प्रवेश के लिए संपर्क करें: पं. शिवधारी कॉलोनी, फारेस्ट ऑफिस के पास, प्रतापपुर रोड, अंबिकापुर, सरगुजा, छत्तीसगढ़

आसरा महाविद्यालय 7987588781 9201487773
(AFFILIATED BY SANT GAHIRA GURU VISHWAVIDYALAYA, SURGUJA, AMBIKAPUR, C.G. & APPROVED BY HIGHER EDUCTION GOVT OF CHHATTISGARH)
B.SC-BIO Botany, Zoology, Chemistry
B.A History, Sociology, Political Science
B.C.A All Compulsory Subjects
D.C.A All Compulsory Subjects
P.G.D.C.A All Compulsory Subjects
-: CAMPUS :- Jarhadih, Raghunathpur, Tehsil-Lundra, Dist - Surguja (C.G)

NABH CERTIFIED
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
Call us : 7869900888 (O.P.D) 822588500 (Hospital) 7240802000
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
50 बिस्तरीय मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल
दूरबीन से पित्त की थैली / अपेंडिक्स / बच्चेदानी / गांठ आदि का ऑपरेशन/ लेजर से बवासीर/ फिशर
भगंदर का इलाज / आयुष्मान/राशन कार्ड से इलाज/ आईसीयू/ हड्डी का ऑपरेशन/ प्लास्टिक सर्जरी/ डायबटीक फूड
हमसे मिलें - डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल, भारत माता चौक के पास खरसिया रोड अम्बिकापुर, छ.ग.

## खबर संक्षेप

### अनूप जायसवाल बने हाईस्कूल राई के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष



**सलका-अघिना।** महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल के अनुसंशा पर विकासखण्ड भैयाथान अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राई के शाला विकास प्रबंधन एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अनूप जायसवाल को नियुक्त किया गया है। श्री जायसवाल ने कहा कि विद्यालय को ऊंचाई पर ले जाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। विकास के लिए पालकों एवं शिक्षकों का सहयोग लिया जाएगा।

### आजाक हायर सेकंडरी स्कूल जयनगर के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष बने शांतनु



**बिश्रामपुर।** महिला बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े और जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल की अनुशंसा पर सूरजपुर ब्लाक अंतर्गत शासकीय आजाक हायर सेकंडरी स्कूल जयनगर के शाला विकास प्रबंधन व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शांतनु सिंह चौहान को नियुक्त किया गया है। उक्त नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### अदाणी के युवा संवाद कार्यक्रम में 14 गांव के युवाओं ने लिया भाग



**अम्बिकापुर।** उदयपुर क्षेत्र के 18-30 वर्ष आयु के युवाओं की क्षमता विकास और सशक्त बनाने के लिए अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने युवा संवाद कार्यक्रम की शुरूआत की है। युवा संवाद कार्यक्रम में तकनीकी कौशल प्रशिक्षण, सॉफ्ट स्किल विकास, इंटर्नशिप, करियर काउंसलिंग और नेटवर्किंग अवसरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। अदाणी कौशल विकास केंद्र में हर महीने आयोजित की जाने वाली युवा संवाद कार्यक्रम की प्रथम बैठक बीते शनिवार को आयोजित की गई। जिसमें आस-पास के सभी 14 प्रभावित गांवों के 50 युवक और युवतियों ने अपनी रोजगार और नौकरी के लिए आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कार्यक्रम में भाग लिया। इसका उद्देश्य युवाओं को उनके चुने हुए करियर में सफल होने या आत्मनिर्भर उद्यमी बनाने के लिए जरूरी मार्गदर्शन प्रदान करना है।

### सब्सिडी पाने के लिए उपभोक्ताओं को कराना होगा ई-केवाईसी

**सीतापुर।** एलपीजी गैस उपभोक्ताओं को सब्सिडी पाने के लिए अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी करना होगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को अपने नजदीकी गैस एजेंसी के कार्यालय में संपर्क करना होगा। इस संबंध में इंडेन गैस वितरक एजेंसी के संचालक पवन अग्रवाल ने बताया कि बैंक अकाउंट में सब्सिडी पाने के लिए उपभोक्ता को ई-केवाईसी कराना होगा। इसके लिए 31 जुलाई तक समय निर्धारित किया गया है। इस दौरान उपभोक्ताओं को मोबाइल नंबर समेत आधार कार्ड एवं गैस कार्ड लेकर गैस एजेंसी कार्यालय जाना है। जहां इनका ई-केवाईसी किया जायेगा। निर्धारित समय पर ई-केवाईसी नहीं कराने से उपभोक्ताओं की सब्सिडी बंद हो जायेगी।

### सेवानिवृत्त पश्चात सैनिक को दी गई भावभीनी विदाई



**सीतापुर।** विगत 20 वर्षों से एसडीएम समेत अन्य कार्यालय में सेवा देने वाले नगर सैनिक को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर तहसील कार्यालय परिसर में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। एसडीएम रवि राही ने सेवानिवृत्त नगर सैनिक रवि वैष्णव दास वैरागी को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सैनिक के सेवाकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एसडीएम एवं तहसील कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी समेत अधिवक्ता एवं आम जनता उपस्थित थे।

### मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाने कमेटी का गठन



**लखनपुर।** मुस्लिम समाज के मातमी पर्व मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए समाज द्वारा इमामबाड़ा में बैठक रखा गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से कमेटी की गठन कर मोहर्रम की पहली तारीख से लेकर दसवीं तारीख तक होने वाले आयोजनों को लेकर चर्चा की गई। मोहर्रम कमेटी के सदर के रूप में शम्स खान, नायब सदर इमरान हुसैन, उपाध्यक्ष इलाहिद खान, नासिर हुसैन, कोषाध्यक्ष गौहर अली, मीडिया प्रभारी इमरान अंसारी, महफूज हैदर, सचिव अनसार हुसैन, सहसचिव अजीज खान, संरक्षक समीम बल्लू, महमुद अली, साबिर अंसारी, समीम खान, मकसूद हैदर, शेरा खान व कार्यकारिणी सदस्य मतलूब हैदर, ताजीम खान, शाहबाज खान, इनायत अंसारी, सिराज अंसारी, आतिफ खान, आजम खान, हासिम खान, गफ्फार खान, जब्बार खान, फरहान खान, नूर आफताब, सफीक खान को बनाया गया।

## जगह-जगह उत्साह के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव, बच्चों का किया गया स्वागत

# संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मंत्री राजवाड़े ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली में सम्पन्न हुआ। श्रीमती राजवाड़े द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को तिलक एवं मिष्ठान खिलाकर निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया। वहीं संकुल के प्रधान पाठक सुरेश कुमार सारथी, श्रीमती जीवंती मिंज, श्रीमती आईएल टोप्पो, बाबूलाल भगत को उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक सम्मान प्रदान किया गया।

**खास बात**

- नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश किया गया वितरण

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली के उत्कृष्ट छात्र-छात्रा कुमारी संजना अगरिया, कुमारी जगेश्वरी, कुमारी पदमिनी विश्वास, कुमारी ज्योति दास, कुमारी मानमती, कुमारी राधा कुशवाहा, सूरज, सुनील राजवाड़े को हायर सेकेण्डरी में तथा कुमारी आयुषी गुप्ता, कुमारी सुप्रिया कुशवाहा, कुमारी दुर्गेश्वरी यादव, कुमारी सविता पैंकरा को हाई स्कूल परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में शत प्रतिशत परिणाम देने वाले शिक्षक श्रीमती रंजीता मजूमदार, श्रीमती सुचिता केरकेटटा, श्रीमती मानती तिर्की, श्रीमती अंजना डे, श्रीमती सरिता नाग, श्रीमती विनिता यादव, राकेश पटवा, श्रीमती पुष्पा सिंह, अमरनाथ यादव, नितिन डिक्सेना को सम्मानित किया। इसके अलावा शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती निःशुल्क साइकिल वितरण में 62 छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया साथ में पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सभी बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आकर अध्ययन के लिए प्रेरित की तथा शासन की योजनाओं की लाभ लेने की बात की। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलफिली के लिए 10 अतिरिक्त कक्ष, एक पुस्तकालय, व ओपन जिम देने की घोषणा की। इस दौरान ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, नरेन्द्र यादव, राजेश कुशवाहा, दितेश राय, अनिल विश्वकर्मा, भोला सिंह, सूरज कुशवाहा, गोविंद कुशवाहा, अमर कुशवाहा, अमल चन्द्र दास सहित अन्य उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाया गया विकासखंड स्तरीय प्रवेश उत्सव



**कुसमी।** विकासखंड स्तरीय नव प्रवेशी शाला प्रवेश उत्सव बीईओ कार्यालय परिसर में सामरी विधायक उदेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया। नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं लड्डू खिलाकर शाला प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर राज्य गीत के साथ की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह ,जनपद उपाध्यक्ष हरीश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य हिरामुनी निकुंज, जन्मजय सिंह द्वारा सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई करते हुए अच्छे नंबरों से उत्तीर्ण करने की बात कही। विधायक उद्धेश्वर पैकरा ने कहा कि सभी शिक्षक समय से विद्यालय पहुंचे तथा पूरे समय तक छात्र /छात्राओं को अध्ययन कराएं। उन्होंने कहा कि पहले के लोग कम पढ़े लिखे होते थे क्योंकि साधन की कमी थी। परंतु अब शासन द्वारा छात्र -छात्राओं को पढ़ाई करने हेतु ड्रेस, पुस्तक, छात्रवृत्ति, सहित अनेकों प्रकार की सुविधा दी जा रही है। सभी बच्चे अच्छे से पढ़ कर सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय, माता-पिता सहित जिला एवं प्रदेश का नाम रौशन करें। इस दौरान एसडीएम करुण डहरिया, जनपद सीईओ अभिषेक पांडेय, तहसीलदार शशिकांत दुबे, बीईओ रामपथ यादव, जन्मजय सिंह , उमेश्वर ओझा, राकेश भारती, लक्ष्मण पैकरा, अशोक सोनी, अर्जुन यादव, राजेश्वर गुप्ता, मो. समीम, उपेंद्र सिंह, प्रदीप गुप्ता, नंदू कश्यप, विवेक सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**बतौली/सेदम।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बतौली में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन विधायक रामकुमार टोप्पो के मुख्य आतिथ्य व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सेजेस बतौली के विद्यालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने कहा की शुरुआती शिक्षा बच्चों के जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चे कच्चे मिट्टी के समान होते है जिसे तराशने का कार्य प्राथमिक शाला के शिक्षकों की होती है। माध्यमिक शाला के शिक्षकों का दायित्व है कि वे बच्चों की रूचि को समझ कर लक्ष्य निर्धारण में उनकी सहायता करें। हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के शिक्षकों का दायित्व है कि वे बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति हेतु उनका मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने स्कूलों में पढ़ाई के साथ खेलकूद, योग,व्यायाम, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर जोर दिया जिससे बच्चों की मानसिक तनाव कम हो सके। उन्होंने विद्यालय की आवश्यकता को देखते हुए बाउंड्रीवाल, निर्माण करने की घोषणा की। साथ ही प्रार्थना सभा के लिए शेड,उत्कृष्ट बच्चों के लिए सहयोग राशि देने की बात कही गई। इस अवसर पर अतिथियों की उपस्थिति में विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही एक पेड़ मां के नाम पर विद्यालय में अतिथियों द्वारा पौध रोपण किया गया। इस दौरान बीईओ शरद चंद मेषपाल, एबीईओ इंदु तिर्की, जनपद अध्यक्ष सुधिया मिंज, उमेश गुप्ता, दलवीर एक्का, विनोद तिर्की, विजय विश्वकर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।





### छात्रों को किताब, ड्रेस व मुंह मीठा कराकर कराया गया शाला प्रवेश

**डांड़गांव।** संकुल केंद्र घाट बर्रा तथा माशा घाट बर्रा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कक्षा पहली के नव प्रवेशी तथा कक्षा छठवी के बच्चों को तिलक लगाकर, पुस्तक, ड्रेस प्रदान कर मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया गया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नेवता भोज में खीर पूड़ी,जलेबी का व्यवस्था शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेश प्रसाद मरकाम तथा दिनेश यादव द्वारा किया गया। इस दौरान उपसरपंच घनश्याम यादव, अमृत पावले, संकुल प्राचार्य राजकुमार चंद्रा, समन्वयक सत्येंद्र नाथ योगी, शिक्षक सुमार सिंह पैकरा, संतोष यादव, मीना कैवर्त्य, रोहित राजपूत, देव सिंह करियाम सहित अभिभावक उपस्थित थे।



### नव प्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश

**रामानुजनगर।** संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन संकुल केंद्र आमगांव में किया गया। कक्षा पहली, छठवीं व नवमी के नव प्रवेशी छात्र छात्राओं को अक्षत तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर अतिथियों ने शाला प्रवेश कराया। हाई स्कूल आमगांव के कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों को अच्छे अंक लाने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी, अध्यक्षता सरपंच मानिक चंद सिंह पोर्ते, विशिष्ट अतिथि बीईओ पंडित भारद्वाज की उपस्थिति में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान संत कुमार साहू, सागर सिंह, बालकुमार,अकिल साय नेताम, सुनील सिंह श्याम, उमाशंकर सिंह, घरबरन, संकुल प्राचार्य डीएस लकड़ा, संकुल समन्वयक शिवमंगल सिंह, व्याख्याता रोशन लाल प्रजापति, आशिष त्रिपाठी, रामलाल साहू, संकुल के शिक्षक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित अभिभावक उपस्थित रहे।



### कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**लखनपुर।** कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय में गुरुवार को शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल सपत्नीक एवं कलेक्टर विलास भोसकर उपस्थित रहे। विधायक श्री अग्रवाल ने शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ये शासन की मंशा है कि शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाए जिससे स्कूली छात्र-छात्राएं उत्साहित होकर स्कूल आएं और जो छूटे हुए बच्चे हैं, वे भी स्कूल आने को प्रेरित हों। स्कूल का वातावरण ऐसा हो, जिससे स्कूल आने में बच्चे भयभीत ना हों, बल्कि खुशी और उत्साह से स्कूल आएं। अभिभावकों से निवेदन है कि बच्चों को स्कूल भेजें जिससे उनके जीवन स्तर पर प्रगति आए। कलेक्टर श्री भोसकर ने कहा कि बच्चों की स्कूलों में शत प्रतिशत उपस्थिति हो। शिक्षा से ही जीवन बदला जा सकता है। शिक्षा से ही किसी व्यक्ति की उन्नति होती है। हमारा उद्देश्य है कि बच्चे स्कूल आए और शिक्षा ग्रहण करें। कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय की छात्रा सावित्री सिंह को जापान में हुए सकुरा साइंस प्रोग्राम में शामिल होकर सरगुजा का नाम रोशन करने हेतु इस उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। साथ ही छात्राओं को गणवेश और पुस्तकों का भी वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों को एक एक पौधा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। कार्यक्रम में डीईओ अशोक सिन्हा, उप संचालक समाज कल्याण डीके राय, सहायक परियोजना अधिकारी रविशंकर पांडेय, डीएमसी रविशंकर तिवारी सहित खंड स्तरीय अधिकारी, विद्यालय के शिक्षक गण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

**बच्चों को तिलक लगा कराया गया शाला प्रवेश-** बुधवार को सेजस स्कूल प्रांगण में खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव विधायक राजेश अग्रवाल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, नपं अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, जंप अध्यक्ष श्रीमती मोनिका पैकरा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। स्कूली बच्चों ने सुमधुर गीत से अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने कहा कि नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं में पढ़ाई को लेकर वर्ष भर उत्साह बना रहे साथ ही अध्ययन अध्यापन पूरी लगन से हो इसलिए शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाता है। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया। कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न स्कूलों के शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।



### संकुल स्तर पर मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**बलरामपुर।** माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दलधोआ में संकुल एवं शाला स्तरीय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि शिक्षा समिति के अध्यक्ष भानु प्रताप दिक्षित एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत महेशपुर के उपसरपंच अर्जुन यादव शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भानु प्रताप दीक्षित ने कहा कि आज के छोटे बच्चे देश के भविष्य हैं। छोटे बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह है जिन्हें किसी भी सांचे में ढाला जा सकता है। बच्चों को सांचे में ढालने में शिक्षकों, अभिभवकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राथमिक, मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। वहीं अतिथियों ने बच्चों को कॉपी किताब व अन्य सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम को माध्यमिक शाला दलधोआ के पूर्व एसएमसी अध्यक्ष राजेंद्र यादव, एसएमडीसी अध्यक्ष दधीचि यादव ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान शिक्षक पवन पाटिल, राजेश गुप्ता सहित अन्य शिक्षक, अभिभावक व बच्चे मौजूद थे।



### स्वामी आत्मानंद में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**राजपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व मिठाई खिला कर प्रवेश दिलाया गया। इसके साथ ही बच्चों को अतिथियों द्वारा गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि गर्व का विषय हैं कि राजपुर में स्वामी आत्मानंद स्कूल हैं। भाजपा शासन ने 15 साल पहले सरस्वती साईकिल योजना प्रारम्भ की थी जो आज भी लागू हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह ने कहा कि जीवन की असली पूंजी ज्ञान है यहां के विद्यार्थी आईएएस आईपीएस डॉक्टर बने ताकि राजपुर और देश का नाम रौशन हो। उन्होंने यह भी कहा कि नगर पंचायत में किसी भी ब्यक्ति को भी कोई भी जरूरत पड़ने पर 24 घंटे संपर्क कर सकते है समस्या का समाधान किया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य विजय तिर्की ने कहा की इस वर्ष 2024-25 सत्र में 520 छात्र, छात्राओं ने प्रवेश लिया है। स्कूल में कुल शिक्षक शिक्षिकाओं की संख्या 34 है। इस दौरान प्रदिप जायसवाल, संकुल समन्वयक अखिलेश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### शाला प्रवेश उत्सव में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा-शिक्षक बढ़ाएं शिक्षा का स्तर



**भैयाथान।** विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन स्थानीय मंगल भवन में किया गया। कार्यक्रम मुख्यातिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सभी शिक्षक शिक्षा के स्तर को बढ़ाए ताकि अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल को छोड़ सरकारी स्कूल में एडमिशन कराएंज्ञ सभी शिक्षकों को उन्होंने दृढ़ संकल्प लेकर शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिया कहा। उन्होंने प्राइवेट स्कूलों को छोड़ सरकारी स्कूल में एडमिशन कराने के लिए सभी अभिभावकों से कही। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने आए सभी बच्चों को अपने बच्चों जैसा शिक्षा दे ताकि यहां के बच्चे जिले सहित प्रदेश का नाम रोशन कर सके। साथ ही नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर गणवेश के साथ किताब,कॉपी भेंट कर नवप्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेश कराया। कार्यक्रम में अशोक सिंह द्वारा शाला प्रवेश उत्सव के सम्बंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया। इस दौरान मार्तंड साहू, रिंकू वर्मा, राजीव प्रताप सिंह, रमाशंकर यादव, सुनील साहू, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, संतलाल प्रजापती, नेहा तिवारी, रमेश गुप्ता, अमन प्रताप सिंह, गनपत पाटिल, शीतल गुप्ता,अभिषेक गुप्ता, राकेश पाठक, संदीप दुबे,अखंड प्रताप सिंह, रूपेंद्र कुशवाहा, ऋषभ गोयल, प्रणय सिंह, तहसीलदार संजय राठौर, परियोजना अधिकारी मो. इमरान अख्तर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह, बीआरसी अजेंद्र नाथ दुबे, शिक्षक अमरनाथ चौबे, प्रमोद दुबे, कुलदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व शिक्षक उपस्थित थे।

### संकुल कन्या विश्रामपुर में भी हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव



**बिश्रामपुर।** संकुल बिश्रामपुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभा कक्ष में किया गया। यहां पर अतिथियों द्वारा नन्हे बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर निःशुल्क गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण कर मीठा खिलाकर क्रमशः कक्षा पहली छठवीं और नवमी में प्रवेश कराया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। संस्था के प्राचार्य आशीष कुमार भट्टाचार्य द्वारा संकुल और शाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर संकुल कन्या विश्रामपुर में शिक्षा के क्षेत्र मे किए जा रहे प्रयासों एवं छात्र हित में उठाए जाने वाले कदमों के बारे में उपस्थितजन को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला कन्या व बालक शिवनंदनपुर, पूर्व माध्यमिक शाला बालक और कन्या शिवनंदनपुर, प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला स्टेशनपारा कुंजनगर, प्राथमिक शाला झारपारा कुंजनगर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्रामपुर के पहली छठवीं और नवमी के 216 छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा शाला प्रवेश कराया गया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक तोलाराम जैन, ललित गोयल, अशोक अग्रवाल, शितिकांत स्वाईं, कृष्ण कुमार गोयल, मोहिनी झा, शशि नानू, दीपेंद्र सिंह चौहान, मनोज गोयल, शिवनंदनपुर सरपंच विमला देवी, अमरेश प्रसाद, संजय सिंह, व्याख्याता अमर कुमार जैन व अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक गौरीशंकर पांडेय ने किया।

## छात्राओं को सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ अभियान के तहत दिलाई गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत विद्यालय परिसर में स्कूली छात्रा समेत शिक्षक एवं स्वच्छता दीदियों को शपथ दिलाई गई ताकि नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस अभियान के प्रति लोगो को जागरूक किया जा सके। विदित हो कि स्वच्छ भारत मिशन को साकार करने नगर पंचायत द्वारा सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान की शुरुआत की गई। जिसके तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी विभागों के साथ तालमेल बनाकर जनसहयोग से स्वच्छता को बढ़ावा देना है। जिसमे सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय की नियमित साफ सफाई करना है। इसके अलावा पेयजल की गुणवत्ता,शुद्ध पेयजलापूर्ति,जल संधारण,एवं घर घर पहुँचकर स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करना है। इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि 1 जुलाई से 31 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान में स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। जिसमे शौचालय स्कूल आंगनबाड़ी केन्द्र की साफ सफाई समेत विद्यार्थियों के स्वच्छता हेतु सुविधा सुनिश्चित करना है।इसके अलावा लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अभियान को सफल बनाना है।

### स्टॉप डायरिया एवं सफाई अपनाओ-बीमारी भगाओ के तहत किया गया जागरूक

**लखनपुर।** नगर पंचायत में 4 जुलाई को स्टॉप डायरिया की मार्ग रेखा पर सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ का सघन स्वच्छता अभियान का शुभारंभ अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू के द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरुआत किया गया। प्राथमिक शाला लखनपुर में जाकर स्वच्छता शपथ दिलाया गया। इसके बाद प्राथमिक शाला स्थित सार्वजनिक हैण्डपम्प के आस-पास की सफाई की गई। इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहु, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विधासागर चौधरी, जितेंद्र प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर चौधरी, स्वच्छता दीदी, सफाई कामगार, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



## कैबिनेट मंत्री नेताम ने किया विधायक कार्यालय "सहयोग" का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिला मुख्यालय में विधानसभा रामानुजगंज के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने के साथ ही शासन प्रशासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनों तक सुलह ढंग से पहुंचाने के उद्देश्य से विधायक व छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री रामविचार नेताम के कार्यालय का उद्घाटन किया गया। नगर के बलरामपुर शहीद चौक के सामने हनुमान मंदिर प्रांगण में अपने विधायक कार्यालय का 'सहयोग' नामकरण के साथ लोकार्पण किया। इस कार्यालय से सुव्यवस्थित सहयोग केन्द्र मिलेगा जिसके एक कक्ष में अपने प्रवास के दौरान रामविचार नेताम बैठकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे साथ ही अन्य दो कक्षों में उनके रायपुर प्रवास पर होने के दौरान लोग जाकर अपनी शिकायत और समस्याएं लिखित में दे सकेंगे। प्रतिदिन यहां प्राप्त शिकायतों को शाम को रायपुर स्थित कार्यालय को भेजा जाएगा और संबंधित विभाग को समय-सीमा में उक्त शिकायत का निराकरण कर संबंधित शिकायतकर्ता को सूचित किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग स्वयं रामविचार नेताम करेंगे। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि जिस विश्वास और



उत्साह के साथ जनता ने मुझे जीत दिलाई उस विश्वास पर खरा उतरने और लोगों की समस्याओं को दूर करने में कार्यालय की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धीरज सिंह देव, जिला महामंत्री दीनानाथ यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता बंशीधर गुप्ता, ओम प्रकाश सोनी, अजीत सिंह, बिहारी पाल, जितेन्द्र श्रीवास्तव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष गौतम सिंह, बलवंत सिंह, अमित गुप्ता, अंश सिंह, मंगलम पाण्डेय सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे

## खबर संक्षेप

### एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कमलपुर में शुरू कराने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**बिश्रामपुर।** कोरोना काल से कमलपुर ग्राम रेलवे स्टेशन में अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव व्यवस्था बंद होने पर क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने रेल मंत्री भारत सरकार को पत्र प्रेषित करके उक्त स्टेशन में पूर्व व्यवस्था जैसी सुविधा आमजन को दिलाए जाने की मांग की गई है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजे पत्र में भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने उल्लेख किया है कि कोविड काल के पूर्व अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस 18242 एवं 18241 दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन का ग्राम कमलपुर में ठहराव नियमित रूप से होता था, लेकिन कोविड काल के बाद अब यहां कमलपुर ग्राम रेलवे स्टेशन में उक्त ट्रेन का ठहराव व्यवस्था बंद कर दिया गया है। कमलपुर ग्राम स्टेशन से लगे ग्रामों की जनसंख्या लगभग 35 हजार है। साथ ही कमलपुर ग्राम के नजदीक सिलफिली में एक बड़ी सब्जी मंडी संचालित होती है। कमलपुर से अम्बिकापुर रेल्वे स्टेशन की दुरी 15 किमी एवं बिश्रामपुर की दुरी 15 किमी है। क्षेत्र की आम जनता को कमलपुर से अम्बिकापुर एवं बिश्रामपुर की दुरी तय करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में कैबिनेट मंत्री द्वारा रेलमंत्री से क्षेत्र की आम जनता के भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए अम्बिकापुर-दुर्ग व दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस का ठहराव पुनः कमलपुर ग्राम रेल्वे स्टेशन में कराए जाने की बात कही गई है।

### नानदमाली संकुल समन्वयक एवं कुसू प्रधानपाठक निलंबित

**अंबिकापुर।** गुरुवार को स्कूलों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दो बड़ी कार्रवाई करते हुए संकुल संवयक व प्रधान पाठक को निलंबित किया है। इसके साथ ही उन्होंने दो को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्राथमिक शाला नानदमाली में निरीक्षण के दौरान गणवेश वितरण में लापरवाही और बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक नहीं होने पर कलेक्टर ने प्रधान पाठक श्रीमती पुष्पा बड़ा को कारण बताओं नोटिस जारी करने और कार्य में लापरवाही पर संकुल समन्वयक संतोष बैगा को निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं प्राथमिक शाळा कुसू में निरीक्षण के दौरान भोजन गुणवत्ता में कमी और राशन उपलब्धता में लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण में प्रधान पाठक राजू राम आईनड अनुपस्थित मिले जिसपर कलेक्टर ने प्रधान पाठक को निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं सहायक शिक्षक सोमार सिंह को भी अनुपस्थिति पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने निर्देश दिए गए।

### युवक के कब्जे से चुराई गई आधा दर्जन सायकलें हुई बरामद



बिश्रामपुर। कोयलांचल सहित आसपास इलाके से पिछले कुछ दिनों में हुए सायकल चोरी मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने चोरी की गई छह सायकल को बरामद कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से कोयलांचल समेत आसपास इलाके से सायकल चोरी की काफ़ी घटनाएँ हुई थी। इसी तारतम्य में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मूलतः लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी केनापारा निवासी 35 वर्षीय पुनीत बरगाह पिता निजी बरगाह जो कुछ महीने से नगर के टूए कालोनी नर्सरीपारा में रहता है ,के कब्जे से छह नग चोरी की सायकल आरोपी की निशानदेही पर जब्त की गई है। ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर महावीर कॉलोनी निवासी एक स्कूली छात्र की नई सायकल जो साढ़े ग्यारह हजार रुपए की थी, को भी गत दिनों अज्ञात चोरों ने पार कर दिया था। उसको भी आरोपी पुनीत बरगाह के कब्जे से जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी पुनीत बरगाह के खिलाफ धारा 331 (4), 305 बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुए उसे सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार को निम्न विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।



रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.मनीष चौरसिया, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ.पुष्पेन्द्र नायक, रूमेटोलॉजिस्ट (गठियावात) रोग विशेषज्ञ डॉ.बीबी कुमार, मनोचिकित्सक डॉ.गौरीशंकर सिंह, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ.विकास अग्रवाल, हड्डी रोड विशेषज्ञ डॉ.अंशु शेखर, चर्म रोग, गुप्त रोग, कुष्ट रोग, बालों एवं त्वचा शल्य चिकित्सक डॉ.निश्चल श्रीवास्तव, न्यूरोसर्जन डॉ.आशु जैन संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगें।

### सरपंच-सचिव अब अधिकारियों पर बना रहे सत्यापन करने दबाव

# नियम विरूद्ध कर दिया नाली निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत प्रतापपुर की पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों में गड़बड़ी व मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही। अभी कुछ ही दिनों पूर्व गोविंदपुर पंचायत में तालाब गहरीकरण के नाम पर हुए गड़बड़ी की जांच पूरी भी नहीं हुई है वहीं अब फिर से एक और पंचायत में नियम विरूद्ध नाली निर्माण करने का मामला सामने आया है। सरपंच-सचिव अब नाली निर्माण का सत्यापन के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है। इधर ग्रामीणों ने नाली निर्माण में गड़बड़ी व घटिया निर्माण करने का आरोप लगाया है।

**खास बात**
- ग्रामीणों ने घटिया निर्माण करने का लगाया आरोप

जिला पंचायत सूरजपुर ने ग्राम पंचायत सिलौटा में आदर्श आदि ग्राम योजना अंतर्गत चार लाख की लागत से शासकीय भूमि पर 205 मीटर लंबी नाली का निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि सिलौटा पंचायत के जिस स्थान पर 205 मीटर लंबी नाली का निर्माण होना था वहां पर सरपंच व सचिव ने नियमों को ताक पर रख अपनी मनमानी करते हुए केवल 140 मीटर तक ही नाली का निर्माण कराया। बाकी बचे 45 मीटर नाली के निर्माण को स्वयं का हित साधने के लिए एक खेत के बगल में मौजूद निजी भूमि पर करा दिया। इधर जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ एक महिला तकनीकी सहायक ने भी सरपंच व सचिव से एक हाथ आगे निकलते हुए अपने अधिकार और पद का दुरुपयोग कर नाली निर्माण का मूल्यांकन भी कर दिया। जिस स्थान पर केवल 140 मीटर तक ही नाली का निर्माण हुआ है वहां पर तकनीकी सहायक ने मूल्यांकन के दस्तावेजों में 205 मीटर नाली का निर्माण होना दिखाकर नाली निर्माण को सही करार दे दिया। अब सरपंच व सचिव जनपद पंचायत कार्यालय में रोजाना आकर संबंधित विभाग के अधिकारियों पर नाली निर्माण के कार्य का सत्यापन करने का लगातार दबाव बना रहे हैं। ताकि सत्यापन होने के बाद पंचायत के खाते में नाली निर्माण के चार लाख रुपए आ सकें। अधिकारियों का कहना है कि वे इस तरह से किए गए नियम विरुद्ध निर्माण कार्य का सत्यापन किसी भी सूरत में नहीं करेंगे।



कराए गए नाली निर्माण।

#### कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर कर दिया मूल्यांकन

बताया जा रहा है कि सिलौटा पंचायत नाली निर्माण का मूल्यांकन करने वाले तकनीकी सहायक का नहीं बल्कि जनपद पंचायत प्रतापपुर के ही तकनीकी सहायक सत्येन्द्र केरकेट्टा का कार्यक्षेत्र है। फिर भी दूसरे तकनीकी सहायक ने नियमों को ताक पर रखते हुए अपने कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर दूसरे क्षेत्र सिलौटा में हुए नाली निर्माण कार्य का मूल्यांकन कर दिया। बताया जा रहा है कि शासन ने महिला तकनीकी सहायक को केवल पंचायतों में होने वाले विद्युत संबंधी कार्यों का ही मूल्यांकन करने को पदस्थ कर रखा है। इसके बावजूद नियमों को ताक पर रख निर्माण से संबंधित कार्यों का भी मूल्यांकन किया जो जांच का विषय है।

#### की जाएगी कार्रवाई

मामले की शिकायत मिली है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में कौन-कौन संलिप्त है इसकी जांच कराकर कार्रवाई करने की अनुशंसा करूंगा। -राधेश्याम मिर्झा
जनपद सीईओ प्रतापपुर



घटना स्थल की जांच करती पुलिस, इनसेट में मृतिका।

## केनापारा पर्यटन स्थल के क्वारी में अज्ञात महिला की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पर्यटन स्थल के समीप क्वारी में शुक्रवार को एक अज्ञात महिला की लाश पानी में संदिग्ध परिस्थितियों में मिली, लाश की शिनाख्ति के लिए पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है। मृतिका के लाश को किसी अन्यत्र स्थान से लाकर यहां क्वारी में फेंके जाने का कयास लगाया जा रहा है।

- मृतिका के दोनों हाथ पतली रस्सी से बंधे होने के कारण हत्या करने की जताई जा रही आशंका
- मृतिका की नहीं हो पाई शिनाख्त, पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने उपरांत वास्तुस्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही पुलिस

बताया गया कि पर्यटन स्थल केनापारा के पीछे क्वारी नंबर छह में शुक्रवार की सुबह मछली पकड़ने गए लोगों ने क्वारी में किसी अज्ञात महिला की लाश तैरता हुआ देखकर तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसडीओपी नंदनी ठाकुर, जयनगर टीआई नरेंद्र सिंह, सहायक उपनिरीक्षक वरुण तिवारी, प्रवीन राठौर, महिला प्रधान आरक्षक संतोषी वर्मा, बिश्रामपुर थाना से प्रधान आरक्षक नवीन सिंह, महिला आरक्षक शर्मिला पैकरा दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। मृतिका की उम्र 30 से 35 वर्ष आंकी जा रही है। अज्ञात महिला की लाश मिली। उसके दोनों हाथ एक पतली रस्सी से बंधे हुए हैं। कयास लगाया जा रहा है कि उक्त अज्ञात महिला की हत्या आरोपियों द्वारा कहीं अन्यत्र स्थान पर करके लाश को यहां पर क्वारी में लाकर फेंक दिया गया है। घटना स्थल के आसपास कहीं पर भी अज्ञात महिला के कपड़े नहीं मिल सके हैं।

मामले में पुलिस ने फिलहाल मर्गकायम करके विवेचना शुरू कर दी गई है। अज्ञात महिला के लाश को पुलिस द्वारा मर्चयुरी में रखवा दिया गया है और शनिवार को पीएम की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। लोगों द्वारा आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात महिला के साथ अज्ञात आरोपियों द्वारा दुष्कर्म उपरांत उसकी हत्या करके यहां क्वारी में लाकर फेंक दिया गया है जिसकी पुष्टि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

## तंग कमरे में अलग-अलग कक्षाओं के 57 बच्चे कर रहे एक साथ पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ उदयपुर

शिक्षा सत्र प्रारम्भ हुए एक सप्ताह हो गया लेकिन अभी तक जर्जर शाला भवनों में बच्चों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्राम केशगवां स्थित पूर्व माध्यामिक शाला में आरईएस द्वारा निर्मित शेड मई महीने में आई आंधी मे उखड़ गया है। जगह के अभाव में मिडिल स्कूल के 57 बच्चे जर्जर अतिरिक्त भवन के एक संकीर्ण कमरे में भेड़-बकरियों की तरह बैठकर पढ़ाई करने मजबूर हैं।

- 2.45 लाख की लागत से बना शेड उजड़ गया आंधी में



शासन द्वारा स्कूल जतन योजना के तहत पूर्व माध्यामिक शाला भवन की मरम्मत के लिए 2.45 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा ने ठेकेदार के माध्यम से भवन की मरम्मत के नाम पर छत पर शेड निर्माण की खानापूर्ति की थी। गुणवत्ताहीन शेड मई महीने में आए अंधड़ में उड़ गया। मजबूरी में स्कूल के बच्चे अतिरिक्त कक्ष के संकरे कमरे में एक साथ बैठकर पढ़ाई कर रहे है।

इस सम्बंध में प्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पलता मिंज ने बताया कि भवन के संबंध में उच्चाधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है। भवन की मरम्मत के लिए अब तक कोई पहल शुरू नहीं हो सकी है।

### फोन पर समाज विशेष पर की अभद्र टिपण्णी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जमीन विवाद को लेकर मोबाइल फोन पर एक समाज विशेष को लेकर अमर्यादित व अभद्र टिपण्णी करने मामले में बिश्रामपुर पुलिस ने प्रार्थी जुनास एक्का पिता बंधन एक्का निवासी लकड़ा पारा आदर्श नगर की रिपोर्ट पर शिवनंदनपुर निवासी शो रूम संचालक व जमीन कारोबारी राजेंद्र उर्फ गुड्डू ठाकुर पिता रामप्रसाद ठाकुर व प्रदीप जायसवाल पिता गणेश जायसवाल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2), 3(2) अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।



## एसडीएम ने किया स्कूलों का निरीक्षण चांचीडांड़ में शिक्षक पाए गए अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

एसडीएम ललिता भगत द्वारा लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि मिडिल स्कूल चांचीडांड में हेडमास्टर रामुराम मानिक उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर के अनुपस्थित थे जबकि शिक्षिका श्रीमती लुमेश्वरी गोरे 1 जुलाई से अनुपस्थित थी किन्तु रजिस्टर में टीप नहीं है।

कुल 42 में से 23 बच्चे उपस्थित थे। प्राथमिक शाला चांचीडांड का निरीक्षण किया दोनों शिक्षक उपस्थित और 29 में से 24 बच्चे उपस्थित पाए गए हैं। जहां-जहां निरीक्षण करने के लिए शिकायत मिल रही है वहां तत्काल मौके पर जाकर कार्रवाई के लिए अनुशंसा एसडीएम द्वारा किया जा रहा है। इधर एसडीएम के स्कूलों के निरीक्षण करने से अनुपस्थित शिक्षकों में मचा हुआ है ।

## एसडीएम के विरूद्ध कार्रवाई की मांग, पत्रकार महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने समाचार कवरेज करने के दौरान एक पत्रकार के साथ एसडीएम द्वारा बदसलूकी करने तथा मारपीट किए जाने के मामले में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। 10 दिन दिन के भीतर एसडीएम के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।



भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ सूरजपुर इकाई द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि बुधवार की दोपहर असंगठित कामगार कांग्रेस पार्टी द्वारा किए जा रहे कलेक्टर घेराव के दौरान पत्रकार अनवर खान द्वारा समाचार कवरेज कर रहे थे। इसी दौरान एसडीएम जगन्नाथ वर्मा द्वारा बदसलूकी करते हुए मारपीट की गई है जो एक स्वतंत्र पत्रकार के अधिकारों का हनन है। पत्रकार अपनी जान जोखिम में डालकर हर मुद्दे को लोगों के बीच लाता है। शासन प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों को आम जनता के बीच पहुंचाने का काम करता है। जिम्मेदार अधिकारी द्वारा पत्रकार के साथ मारपीट करना पत्रकार के अधिकारों का हनन है। संघ के पदाधिकारियों संबंधी अधिकारी पर तत्काल एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है।

10 दिनों के अंदर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में रूपरेखा तय कर धरना प्रदर्शन करने की बात कही है।

### एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग एनएसयूआई ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

एनएसयूआई के प्रदेश सचिव,पीसीसी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पत्रकार के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा तथा एसडीएम के विरूद्ध एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के असंगठित क्षेत्र जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव अफरोज खान एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के प्रदेश सचिव राजेश साहू द्वारा लोक निर्माण विभाग में हुए गड़बड़ी को लेकर जिला संयुक्त कार्यालय का घेराव करना सुनिश्चित किया गया था। पूर्व में भी इस विषय की सूचना एसडीएम दिया गया था। एक दिन पूर्व रात में अफरोज खान के पास जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े के आदेश के बाद घेराव कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था जिसकी सूचना फ़ोन के माध्यम से सीएसपी एसएस पैकरा एवं थाना प्रभारी के पद पर प्रभारी संदीप कौशिक को कार्यक्रम स्थगित करने का सूचना दिया गया था। बुधवार की सुबह कोतवाली थाना के सामने एसडीएम दोनों को देख अपने गार्ड को भेज कर उन्हें थाना में बुलाया और बड़े नेता बनने की बात कहर दोनों को पुलिस वालो से लाठी चार्ज करा मारपीट करने और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। इसी बीच पत्रकार अनवर खान जो वीडियो बना रहे थे उनके साथ भी मारपीट करने उनका मोबाइल छीन कर तोड़ दिया। एनएसयूआई के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर निलंबित किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

### मंत्री रामविचार नेताम ने किया पौधरोपण

**रामानुजगंज।** कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं श्रीमती पुष्पा नेताम ,ने गुरुवार को सनावल सूर्य प्रकाश मेमोरियल स्कूल में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ माँ के नाम पहल की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने बलरामपुर स्थित अपने निवास सनावल में आम, नीम का पौधा लगाया। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने हर नागरिक को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की बात कही। इस दौरान वन विभाग की टीम एवं एसडीएम, तहसीलदार के अलावा बलवंत सिंह, रामचिरितर सोनवानी, मुंद्रिका सिंह, मुंशीराम सिंह, सुखदेव सिंह, प्रमोद गुप्ता, सुनील तिवारी, कृपाल कुशवाहा, नारद यादव, बबला नंद सिंह, पुष्कांत यादव, जसवंत यादव, अजय साहू, अजय गुप्ता सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पुलिस ने युवकों की मदद से विक्षिप्त महिला को नदी के बीच से निकाला

**रामानुजगंज।** कनहर नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा था वही एक मानसिक विछिप्त महिला नदी के बीचो-बीच जाकर गाना गाने एवं नाचने लगी। महिला को नदी के बीच देख लोगों ने बाहर निकालने का प्रयास किया परंतु महिला नहीं निकल सकी। जिसके बाद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह को दी। एसपी के निर्देश पर प्रधान आरक्षक अतुल दुबे मौके पर पहुंचे और युवक राजा गुप्ता, संदीप ठाकुर सरवन मलिक के सहयोग से पकड़ कर किनारे लाया गया।



कनहर नदी बीते दिनों उफान पर था जिस कारण आधा नदी में कीचड़ हो गया है वही नदी अपने आधा पाट से बह रही है। गुरुवार की शाम धीरे-धीरे नदी का जलस्तर बढ़ने लगा। इसी बीच एक मानसिक विछिप्त महिला नदी के बीचो-बीच कीचड़ पार करके चली गई एवं घंटो तक वह नदी के बीचो-बीच नाचने गाने लगी। आने-जाने वाले लोगों ने महिला को बाहर आने की समझाइश दी लेकिन वह नहीं आई बारिश एवं बढ़ते नदी के जलस्तर के बीच महिला के बहने का खतरा मंडराने लगा। इसी बीच घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह को दी गई। एसपी के निर्देश पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक अतुल दुबे द्वारा युवक राजा गुप्ता, संदीप ठाकुर,सरवन मालिक के मदद से महिला को बाहर निकाला।

### महामाया मंदिर के लिए हो वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था

**अम्बिकापुर।** अधिवक्ता रीता एक्का ने कलेक्टर एवं महापौर को ज्ञापन सौंप महामाया मंदिर गेट निर्माण में हो रहे विलम्ब को देखते हुए श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग बनवाने की मांग की है। रीता एक्का ने बताया कि गेट निर्माण से महामाया मंदिर का मार्ग अवरूद्ध हो गया है तथा वार्डवासियों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। गेट निर्माण कब तक पूरा होगा इसका कोई ठिकाना नहीं है। ऐसे में शीघ्र गेट निर्माण कराने के साथ ही आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था जरूरी है।

## शिव शक्ति मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा प्रारंभ, निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अग्निशमन सेवा परिवार द्वारा अग्निशमन केन्द्र परिसर स्थित शिवशक्ति मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा आज से प्रारंभ हुई। आषाढ़ कृष्ण पक्ष आमावस्या, शुक्रवार की प्रातः 8 बजे से मंडप प्रवेश, कलश यात्रा, बेदी पूजन, अग्नि स्थापना के साथ जप आरंभ किया जाएगा। इसके बाद भंडारा का आयोजन किया गया है। आज सुबह शहर के दुर्गा मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई जो रिंग रोड होते हुए गौरव पथ समीप अग्निशमन केन्द्र परिसर स्थित शिवशक्ति मंदिर पहुंची जहां विधि विधान पूर्व विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान की गई। आषाढ़ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा शनिवार की सुबह 8 बजे से बेदी पूजन, हवन, जलाधिवास, अन्नाधिवास, मिष्ठान्नाधिवास, पुष्पाधिवास के बाद भंडारा होगा।



आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीय रविवार की सुबह 8 बजे से बेदी पूजन के बाद देवताओं का नगर भ्रमण, मंदिर प्रवेश, प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, रूद्राभिषेक, पूजन, हवन, आरती, प्रसाद वितरण व भंडारा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन में मुख्य यजमान श्रीमति सुनीता कठुतिया, शिव कुमार कठुतिया, श्रीमति ललिता गुप्ता व जगनारायण गुप्ता होंगे।

